# 63/1 (SEM–3) CC7/HINHC3076

## 2023

## HINDI

Paper : HINHC3076

**( भाषा विज्ञान और हिन्दी भाषा )**

*Full Marks* : 80

*Pass Marks* : 32

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित के सही विकल्प चुनकर किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×6=6

(क) भाषा के अर्थ की सबसे छोटी इकाई क्या है?

*(i)* स्वनिम

*(ii)* संकेत प्रयोग विज्ञान

*(iii)* वाक्य

*(iv)* रूपिम

(ख) थ, फ, च ध्वनियाँ हैं

*(i)* स्वनिम

*(ii)* रूपिम

*(iii)* लेखिम

*(iv)* शाब्दिक

(ग) अर्थ विज्ञान किसका अध्ययन है?

*(i)* वाक्यों और उनकी व्याकरणिक संरचनाओं का

*(ii)* शब्द और अर्थ का

*(iii)* ध्वनि और उसके उच्चारण का

*(iv)* स्वनिम और उनकी ध्वनियों का

(घ) व्यंग्य प्रयोग निम्नलिखित में से किसका कारण है?

*(i)* ध्वनि नियम

*(ii)* ध्वनि-परिवर्तन

*(iii)* अर्थ-परिवर्तन

*(iv)* वाक्य-परिवर्तन





(ङ) भाषा विज्ञान, भाषा को भाषा ही जानकर उसका कैसा अध्ययन करता है?

*(i)* सामाजिक

*(ii)* वैज्ञानिक

*(iii)* पौराणिक

*(iv)* आर्थिक

(च) सार्थक शब्दों के समूह को क्या कहा जाता है?

*(i)* वाक्य

*(ii)* भाषा

*(iii)* विचार

*(iv)* ध्वनि

(छ) भाषा विज्ञान के अर्थ-परिवर्तन के कारणों में जो कारण नहीं है, वह है

*(i)* अर्थ विस्तार

*(ii)* अर्थ संकोच

*(iii)* अर्थ व्यंजकता

*(iv)* अर्थ विपर्यय

(ज) निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा विज्ञान की शाखा नहीं है?

*(i)* स्वर विज्ञान

*(ii)* आकृति विज्ञान

*(iii)* शब्दार्थ

*(iv)* भाषाशास्त्र

(झ) भाषाओं के अध्ययन को निर्दिष्ट करने के लिए प्रयुक्त पुराना शब्द है

*(i)* भाषा विज्ञान

*(ii)* हैप्लॉजी

*(iii)* स्वर विज्ञान

*(iv)* अर्थ विज्ञान

(ञ) प्रारम्भिक वाक् ध्वनियों के अध्ययन को क्या कहा जाता है?

*(i)* ध्वनि विज्ञान

*(ii)* वाक्य विज्ञान

*(iii)* शब्द विज्ञान

*(iv)* स्वर विज्ञान





**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) राजस्थानी भाषा की दो विशेषताएँ लिखिए।

(ख) शब्द और अर्थ के संबंध को स्पष्ट कीजिए।

(ग) राजभाषा के रूप में हिन्दी की दो विशेषताएँ लिखिए।

(घ) देवनागरी लिपि की विशेषताएँ लिखिए।

(ङ) स्वनिम विज्ञान को और किस नाम से जाना जाता है?

(च) सामान्य भाषा और विज्ञान की भाषा में क्या अंतर है?

(छ) 'बोली' का वर्णन कीजिए।

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 5×6=30

(क) अवधी भाषा की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

(ख) घोष और अघोष के अंतर को स्पष्ट कीजिए।

(ग) भाषा विज्ञान और भूगोल के संबंधों का निरूपण कीजिए।

(घ) संपर्क भाषा के रूप में हिन्दी की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

(ङ) देवनागरी लिपि में सुधार के प्रयासों का उल्लेख कीजिए।

(च) रूपिम विज्ञान की परिभाषा लिखिए।

(छ) उपसर्ग और निपात को स्पष्ट कीजिए।

(ज) भाषा विज्ञान के कितने अंग हैं? स्पष्ट कीजिए।

(झ) भाषा और बोली के अंतरसंबंधों पर प्रकाश डालिए।

(ञ) भाषा की उपयोगिता पर एक संक्षिप्त लेख लिखिए।

**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) राष्ट्रभाषा के रूप में हिन्दी विषय पर एक लेख प्रस्तुत कीजिए।

(ख) स्वन-परिवर्तन के कारणों का विवरण प्रस्तुत कीजिए।

(ग) खड़ी बोली और ब्रजभाषा का परिचय देते हुए उनकी विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(घ) पूर्वी हिन्दी की बोलियों का सामान्य परिचय दीजिए।





**5.** निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का सविस्तार उत्तर दीजिए : 14

(क) भाषा विज्ञान की परिभाषा लिखते हुए भाषा विज्ञान की राजनीति, इतिहास एवं दर्शन की शाखाओं से संबंध का वर्णन कीजिए।

(ख) वाक्य विज्ञान क्या है? वाक्य के अनिवार्य तत्त्वों का उल्लेख कीजिए।

(ग) शब्द और अर्थ का क्या संबंध है? अर्थ-परिवर्तन की दिशाओं को रेखांकित कीजिए।

★★★